an>

Title: Regarding depiction of Pakistan Occupied Kashmir as part of Pakistan by official news agency of China.

**श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग):** महोदया, मैं सदन में एक राष्ट्रीय महत्व का विषय उठाना चाहता हूं। आज से करीब 10 साल पहले पाकिस्तान ने गिलगित और बाल्टिस्तान रीजन का एक एग्रीमेन्ट चाइना के साथ किया था। उस वक्त यह विषय उठा था कि यह पाकिस्तान की भूमि है तो भारत ने उसका प्रतिवाद किया और अंततः चाइना ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच में जो टैरिटोरियल डिसप्यूट है, हम उसमें नहीं पड़ेंगे, किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि कल चाइना की ऑफिशियल न्यूज़ एजेंसी शिन्हुआ ने पाकिस्तान आक्यूपाइड कश्मीर को पाकिस्तान के रूप में दिखाया है। उसने सिर्फ यही नहीं दिखाया है बल्कि खुंजराब पास on the China side to Pakistan Border, जिसे हम अपने मैप में पाक अक्यूपाइड कश्मीर के एरिया को लाइन ऑफ कंट्रोल दिखाते हैं, वहां पर वे पाक आक्यूपाइड कश्मीर के उस एरिया को लाइन ऑफ कंट्रोल के बदले इंटरनेशनल बॉर्डर के रूप में दिखा रहे हैं। न केवल यह बहुत ही दुर्भाग्यजनक है, बल्कि हमारी अस्मिता, अस्तित्व और हमारे देश की जो मांग है, उस पर यह बहुत बड़ा धक्का है।

आपके माध्यम से मेरी मांग है कि केन्द्र सरकार को तुरंत इसका नोटिस लेना चाहिए और चाइना के एम्बैसडर को बुला कर बताना चाहिए कि जो मैप कल उन्होंने रिलीज़ किया है उसे वे विथड्रा करें। उसे विथड्रा करके लाइन ऑफ कंट्रोल का जो ओरिजनल मैप है, वर्ल्डवाइड रिकग्नाइज़्ड है, युनाइटेड नेशंस द्वारा रिकग्नाइज़्ड है, उसे रिलीज़ करे और आगे से ऐसी कोई भी धृष्टता न करें जिससे हमारी अस्मिता और राष्ट्रीयता पर आक्षेप हो।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,

श्रीमती मीनाक्षी लेखी और

कुमारी शोभा कारान्दलाजे को श्री

एस.एस.अहलुवालिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

SHRI TATHAGATA SATPATHY (DHENKANAL): Madam, the Chinese President had gone to Gujarat. वहां उन्होंने ढोकला खाया होगा।...(व्यवधान)